देश में विदेशी ईसाई मिशनरियां

4736. श्रीमती सुषमा स्वराज:
प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में विभिन्न स्थानों पर अनेक विदेशी ईसाई मिशनरियां काम कर रही हैं ;

(ख) यदि हां, तो ये ईसाई मिशनरियां किन किन स्थानों पर काम कर रही हैं और इनमें कितने भारतीय और विदेशी नागरिक स्थायी रूप से काम कर रहे हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि इन मिशनरियों को अपने कार्यकरण के लिये प्रतिवर्ष भारी मात्रा में विदेशी आर्थिक सहायता मिलती है; और

(घ) यदि हां, तो वर्ष 1991-92, 1992-93 और 1993-94 के दौरान इन मिशनरियों को कितनी विदेशी सहायता प्राप्त हुई ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट): (क) और (ख) भारत में रह रहे पंजीकृत विदेशी ईसाई मिशनरियों की राज्यवार संख्या का, दिनांक 1-1-93 की स्थिति के अनुसार विवरण संलग्न है (नीचे देखिए)। भारतीयों के संबंध में ऐसी कोई सूचना नहीं रखी जाती है ।

(ग) और (घ) विदेशी अभिदाय (विनियमन) अधिनियम 1976 के अधीन अलग-अलग मिशनरियों को विदेशी अभिदाय प्राप्त करने/उपयोग करने के लिए पूर्व अनुज्ञा की आवश्यकता नहीं होती है ।

विवरण

भारत में मौजूद दिनांक 1-1-1993 तक पंजीकृत विदेशियों की राज्यवार रिपोर्ट

क्रम सं०	राज्य/संघ शासित क्षेत्र	मिशनरी
1.	अण्डमान निकोबार	—
2.	आन्ध्र प्रदेश	77
3.	अरूणाचल प्रदेश	—
4.	असम	4
5.	बिहार	177
6.	चण्डीगढ़	5
7.	दादरा और नगर हवेली	—
8.	दमन और दीव	—
9.	दिल्ली	40
10.	गोवा	—
11.	गुजरात	109
12.	गुजरात (अहमदाबाद)	23
13.	हरियाणा	2

क्रम सं०	राज्य/संघ शासित क्षेत्र	मिशनरी
14.	हिमाचल प्रदेश	22
15.	जम्मू और कश्मीर	18
16.	कर्नाटक	246
17.	केरल	45
18.	लक्षद्वीप मूरिद्वीप	—
19.	मध्य प्रदेश	48
20.	महाराष्ट्र	174
21.	महाराष्ट्र नागपुर	—
22.	महाराष्ट्र (पुणे)	71
23.	मणिपुर	—
24.	मेघालय	63
25.	मिजोरम	2
26.	नागालैंड	—
27.	उड़ीसा	54
28.	पांडिचेरी	19
29.	पंजाब	2
30.	राजस्थान	7
31.	सिक्किम	1
32.	तमिलनाडु	275
33.	तमिलनाडु (मद्रास)	70
34.	त्रिपुरा	—
35.	उत्तर प्रदेश	125
36.	पश्चिम बंगाल	5
37.	प० बं० (कलकत्ता)	230
38.	प० बं० (24 परगना)	9
	योग	1923